**खबर संक्षेप**

### मैहर कोतवाली में आयोजित हुई जनसुनवाई, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**मैहर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कई आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर आज मंगलवार को कोतवाली थाना पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को त्वरित निराकरण हेतु आदेशित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उपस्थित अधिकारियों ने समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया,जिस पर लोगों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### मैहर एसपी ने सुनी आवेदकों की समस्याएँ, वैधानिक कार्यवाही के दिए निर्देश



**मैहर।** जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा आवेदकों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को तत्काल निर्देशित किया।

### मैहर में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में दर्दनाक हादसा, हाइड्रा ऑपरेटर की मौत प्रबंधन पर दबाव के आरोप

**मैहर।** सरलानगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया,जिसमें हाइड्रा ऑपरेटर के रूप में काम कर रहे एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बाहरी मजदूर बताया जा रहा है। हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन पर मृतक का पोस्टमार्टम जल्दबाजी में कराने का दबाव बनाने का आरोप लग रहा है। खबर है कि मृतक के परिजनों की मौजूदगी के बिना पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू की जा रही थी। अब तक कंपनी प्रबंधन या जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा घटना की कोई आधिकारिक जानकारी या बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर नाराजगी है,जबकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं।

## उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में धारकुण्डी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# अवैध डीजल-पेट्रोल तस्करी पर लगाम, लाखों का माल जब्त






**सतना।** जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत,पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस,चित्रकूट) के सक्रिय मार्गदर्शन में थाना धारकुण्डी पुलिस ने अवैध डीजल और पेट्रोल की तस्करी के खिलाफ एक प्रभाव शाली कार्रवाई की है।पुलिस को मुखबिर के माध्यम से गुप्त सूचना मिली कि धारकुण्डी तिराहे से एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में टीम ने तत्काल नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की। सघन जांच के दौरान,पिकअप वाहन क्रमांक MP1917ZJ9193 को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर,उसमें दो बड़े ड्रम रखे पाए गए,जिनमें कुल 300 लीटर ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था। जिसमें 150 लीटर डीजल और 150 लीटर पेट्रोल है।वाहन में मौजूद दोनों व्यक्तियों से इस भारी मात्रा में डीजल-पेट्रोल के परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए,लेकिन वे कोई भी कानूनी कागजात पेश नहीं कर सके। पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए,डीजल-पेट्रोल सहित लगभग 5,30,000 की कुल कीमत का माल,जिसमें पिकअप वाहन भी शामिल है,जब्त कर लिया। आरोपी विकाश वासदेव 22 वर्ष,निवासी सेमरिया,रीवा और तरुणेन्द्र सिंह पटेल 25वर्ष,निवासी हरदुआ,रीवा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 287 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत संगीन अपराध पंजीकृत कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई को सफलता पूर्वक अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी उनि शैलेन्द्र पटेल के साथ सउनि सुरेन्द्र कुमार,प्र.आर.अजय साकेत,और आर.ब्रजेश पटेल की मेहनत और सतर्कता की अधिकारियों ने सराहना की है।

## भीषण सड़क दुर्घटना: तेज रफ्तार रेत से भरे ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार असिस्टेंट प्रोफेसर को कुचला, मौके पर ही मौत



**सतना।** बाबूपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सतना-सेमरिया मार्ग पर नैना-सगमनिया डाइवर्सन में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।रेत से ओवरलोड एक ट्रक के ड्राइवर ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के कारण बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बाबूपुर पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार,मृतक की पहचान डॉ.विजय कुमार पाण्डेय 43 वर्ष के रूप में हुई है,जो सतना शहर के वार्ड नंबर 37,टिकुरिया टोला,थाना कोलगवाँ के निवासी थे।डॉ.पाण्डेय बिरसिंहपुर महाविद्यालय में अतिथि विद्वान (असिस्टेंट प्रोफेसर) के पद पर कार्यरत थे और रोजाना की तरह आज सुबह भी अपनी बाइक से महाविद्यालय अध्यापन के लिए जा रहे थे। जब वे सगमनिया डाइवर्सन से गुजर रहे थे,तभी तेज रफ्तार से आ रहे बालू (रेत) से भरे ओवरलोड ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर बाबूपुर चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को जिला अस्पताल भिजवाया।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक अतिथि विद्वान का शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया है कि दुर्घटना करने के बाद ओवरलोड ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दुर्घटना कारित करने का प्रकरण (मामला) दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है।

## महाराजा अग्रसेन जी का अपमान करने पर अग्रवाल समाज ने की घोर निंदा, अमित बघेल पर रासुका लगाने की मांग




**सतना।** प्रभु श्री राम की 34वीं पीढ़ी के वंशज और अग्रकुल के आराध्य श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी के लिए की गई अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अग्रवाल समाज एवं सर्वसमाज ने एकजुट होकर विरोध जताया। जुहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल के विरुद्ध अपराध दर्ज करने हेतु अग्रवाल समाज एवं सर्वसमाज ने रैली निकालकर राष्ट्रपति एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा,जिसमें उन पर रासुका राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की मांग की गई। समाज के प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल (रम्पू) ने बताया कि अमित बघेल ने मीडिया में दिए गए एक बयान में महाराजा अग्रसेन जी,सिंधी समाज के आराध्य श्री झूलेलाल जी,तथा महापुरुषों स्वर्गीय डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की थी,जिससे देश के लाखों लोगों की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।अग्रवाल समाज,सिंधी समाज,विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स,जैनसमाज एवं सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर अमित बघेल पर विधिसम्मत अपराध दर्ज कर शीघ्र कठोर कानूनी कार्यवाही करते हुए रासुका लगाने की मांग की है।

## पिथौराबाद में जैवविविधता प्रक्षेत्र दिवस आज

### सतना कलेक्टर होंगे मुख्य अतिथि

**सतना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जैवविविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद एवं सर्जना संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जैवविविधता प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन 5 नवम्बर को सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना कलेक्टर डा.सतीश कुमार एस (आईएएस) होगें। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक किसानों की समस्याओं का समाधान भी करेंगें। कार्यक्रम के आकर्षण खेत में लगाई गई 200 प्रकार की किस्मों में करीब 50-60 प्रकार की धान काट चुकी हैं उन धान की बालियों का सभा स्थल में प्रदर्शन साथ ही खेत में लगी रंग-बिरंगी धान किस्मों का प्रदर्शन,कुछ सब्जियों का प्रदर्शन,किसान सम्मेलन एवं परिचर्चा,कृषि आश्रित समाज के भूले-बिसरे उपकरणों के संग्रहालय का अवलोकन एवं परम्परागत दुर्लभ अनाजों का बीज बैंक का अवलोकन किया जाएगा। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया एवं सुरेश दाहिया ने किसान एवं पर्यावरणप्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणी की निंदा मध्य भारत मोर्चा की कड़ी प्रतिक्रिया

**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में महापुरुषों पर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं है। जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने कहा कि महापुरुषों के प्रति अभद्र टिप्पणी करना समाज के लिए समस्या बन गया है। उन्होंने अमित बघेल के खिलाफ रासुका का मामला दर्ज करने की मांग की है। जसविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो महापुरुषों के प्रति अभद्र टिप्पणी करते हैं। उन्होंने समाज से अपील की है कि ऐसे लोगों के खिलाफ एकजुट हों और समाज की गरिमा की रक्षा करें। अमित बघेल पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार से आपत्तिजनक टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर समर्थन देना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करनी चाहिए।

## रामनगर में एक ही दिन दो जनसुनवाई, तहसील और थाने पर सुनी गईं जनता की समस्याएँ



**मैहर।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को रामनगर में तहसील कार्यालय और थाना परिसर,दो स्थानों पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया।तहसील कार्यालय में तहसीलदार अनामिका सिंह,जनपद सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति,और नायब तहसीलदार रोशन लाल रावत ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने मुख्य रूप से भूमि विवाद,नामांतरण,सीमांकन,और शासकीय योजनाओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया और शेष पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### थाना परिसर में पुलिस जनसुनवाई

रामनगर थाना परिसर में थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने पुलिस जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। आमजन ने सुरक्षा,स्थानीय विवाद,और अपराध नियंत्रण से जुड़ी शिकायतें रखीं। थाना प्रभारी ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। दोनों जनसुनवाई कार्यक्रमों में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सुनी 103 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 103 आवेदकों से स्वयं उनके पास जाकर समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।जनसुनवाई में आये उचेहरा निवासी 100 प्रतिशत दृष्टि बाधित छात्र रावेन्द्र कुशवाहा को कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप प्रदान किया गया। इसी प्रकार जनसुनवाई में आये अन्य दिव्यांगजनों की मांग पर चार दिव्यांगों को वैसाखी तथा तीन दिव्यांगजनों को कान की मशीन कलेक्टर द्वारा तत्काल मौके पर ही प्रदान की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जन सुनवाई की गई। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,दिव्यांग मोटराईज्ड ट्राईसिकिल दिलाने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 56 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर संजना जैन ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 56 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दिव्या पटेल,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, सीईओ अशोक तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैहर महोत्सव में हुआ भव्य देवी जागरण का आयोजन,भक्तिमय बना वातावरण



**मैहर।** मां शारदा देवी की पवित्र नगरी मैहर में मैहर महोत्सव के तहत दो दिवसीय देवी जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम के संस्थापक सूर्यकांत त्रिपाठी एवं दिनेश अग्रहरि हैं,जो इसे विगत 15वर्षों से निरंतर यात्री निवास क्रमांक-2 परिसर में आयोजित कर रहे हैं। मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने रातभर मां शारदा के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान मैहर महोत्सव संस्थापक मंडल द्वारा सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी का विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर के अनेक जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### असमय वर्षा से किसानों की धान की फसल बर्बाद, किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** असमय वर्षा के कारण किसानों की पकी हुई धान की फसलें जमीन पर गिर गई हैं,जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसी संबंध में जिला किसान कांग्रेस कमेटी,मैहर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल (एड.) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अपर कलेक्टर संजना जैन को ज्ञापन सौंपा। वर्षा से बर्बाद हुई फसलों का तात्कालिक सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान की जाए। फसल बीमा कराने वाले किसानों को बीमा की राशि शीघ्र दिलाई जाए। प्रदेश सरकार तत्काल धान एवं अन्य फसलों की खरीदी सुनिश्चित करे और एमएसपी के नीचे फसल बेचने की मजबूरी को समाप्त करे। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो किसान आंदोलन करने को विवश होंगे।

## गोपियों के कृष्ण प्रेम को देख उद्धव हुए विह्वल



**मैहर।** सरस्वती नगर मैहर में नगर मण्डल उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के निज निवास पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन कथा व्यास श्रीधाम वृन्दावन से पधारीं देवी कृष्णानंदिनी जी ने बताया कि गोकुल में नंद राय के घर में पले बढ़े श्री कृष्ण पूरे गोकुल के होकर रह गए थे। गांव के मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी भी उनसे प्रेम करने लगे थे। भगवान श्रीकृष्ण जब गोकुल से मथुरा चले गए तो गोपियों की मनोदशा एक व्याकुल पक्षी की तरह थी। गायें तथा पशु-पक्षी व वृक्ष भी उनकी विरह की आग में जलने लगे थे।

### उद्धव को गोपियों ने सुनाया अपना हाल-

उद्धव को प्रेम की परिभाषा समझाने के लिए ही भगवान श्रीकृष्ण ने उद्धव को ब्रज की गोपियों के पास भेजा क्योंकि गोपियां साक्षात प्रेम की मूर्ति थीं। जब उद्धव ब्रज पहुंचे तो गोपियों से नंद बाबा के घर का पता पूंछा। गोपियों ने कहा कि ये जो जलधार बह रही है,वह बाबा के घर से ही आ रही है। माता यशोदा के आखों के ये आंसू हैं जो श्रीकृष्ण के विरह में बह रहे हैं। उद्धव ने जब गोपियों द्वारा प्रेम से लपेटे गीत और उनके प्रेम को सुना तो उद्धव जी के ज्ञान के सामने गोपियों के भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम रूपी तराजू का पलड़ा भारी पड़ गया।

## खबर संक्षेप

### क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन आज

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खो-खो क्रीड़ा प्रतियोगिता का पॉलिटेक्निक ग्राउण्ड पन्ना में बुधवार, 5 नवम्बर को सुबह 11 बजे समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस अवसर पर संबंधितजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### खो-खो प्रतियोगिता में पवई विकासखण्ड के चार खिलाड़ी फाईनल टीम में बनाई जगह



**पवई।** पन्ना में आयोजित हो रही 69 प्रदेश स्तरीय 14 वर्ष बालक बालिका खो, खो के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सागर संभाग की 14 वर्ष बालक टीम ने उज्जैन रीवा इंदौर नर्मदा पुरम की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है सागर संभाग के संभागीय टीम में पवई विकास खंड के 4 खिलाड़ी फाइनल की टीम में है यह उम्मीद जगी है की पवई के खेलों के इतिहास में संभावित पहली बार किसी खिलाड़ी को खेलों में राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा

### कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने गत सोमवार की रात्रि में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पन्ना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान छात्रावास परिसर, शौचालय एवं बाथरूम में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और छात्राओं द्वारा समक्ष में की गई शिकायत के आधार पर एवं छात्रावास अधीक्षिका कृष्णा सोनी द्वारा संतुष्टिपूर्ण उत्तर नहीं देने पर अधीक्षिका को छात्रावास के दायित्व से पृथक कर शासकीय जनजातीय बालक आश्रम धनगढ़ में शैक्षणिक कार्य के लिए पदस्थ किया गया। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास क्रमांक 5 पन्ना की अधीक्षिका वंदना पटेरिया को आगामी आदेश तक छात्रावास का प्रभार सौंपा गया है। जिला कलेक्टर ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं के साथ संवाद कर शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की जानकारी भी ली।

### विकास को मातृ शोक, नगर के चतुर्वेदी परिवार में शोक लहर



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर के प्रतिष्ठित चतुर्वेदी परिवार के वरिष्ठ नेता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी, एवं मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी की चाची एवं विकास (विक्की) चतुर्वेदी की माता जी श्रीमती आशा चतुर्वेदी उम्र 78 वर्ष पति स्वर्गीय दयाराम चतुर्वेदी का आज प्रातः काल दुखद निधन हो गया आपके निधन की खबर जैसे ही नगर में फेली आपके सभी शुभचिंतकों मेंशोक की लहर बन गई आपका अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय श्मशान घाट पर दोपहर लगभग 12:30 बजे पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ किया गया जहां आपको मुखाग्नि आपके पुत्र विकास विक्की ने दी आपके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में स्थानीय और क्षेत्रीय सभी शुभचिंतक नाते रिश्तेदार शामिल हुए। आज देर शाम पार्टी मंडल संगठन के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोकसभा के माध्यम से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आपकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना की एवं दुखी परिवार को यह बड़ा दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### ऐप की तकनीकी त्रुटियों से परेशान हो रहे अतिथि शिक्षक

**अजयगढ़/पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जिस ऐप का उपयोग किया जा रहा है, विकासखंड अजयगढ़ जिला पन्ना संकुल बनहरीकला में उसकी तकनीकी खराबियां अब सामने आने लगी हैं। कई अतिथि शिक्षकों द्वारा पूरे माह नियमित उपस्थिति दर्ज की, लेकिन वेतन का भुगतान काट कर किया गया है। विकासखंड में एक अतिथि शिक्षक मोहम्मद वसीम खान ऐसे भी है जिन्होंने 17 अक्टूबर का अवकाश लिया और उसकी वेतन 23 अक्टूबर तक की वेतन काटी गई और उस अतिथि शिक्षक की वेतन अक्टूबर माह मैं केवल 20 दिन की जनरेट की गई है। क्योंकि अतिथि शिक्षक के वेतन का भुगतान अब ई अटेंडेंस के आधार पर करने के आदेश दिए गए हैं। अतिथि शिक्षक मोहम्मद वसीम खान ने सवाल खड़े किए हैं कि आखिर ऐसे ऐप के माध्यम से वेतन के निर्धारण की प्रक्रिया क्यों लागू की जा रही है।

# आस्था और विश्वास का पर्व, पन्ना में पृथ्वी परिक्रमा, देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

पन्ना।

बुंदेलखंड के धार्मिक नगरी पन्ना में इन दिनों भक्तिभाव और आस्था का माहौल छाया हुआ है। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर यहां चार शताब्दियों से चली आ रही परम पवित्र परंपरा ष्पृथ्वी परिक्रमाष का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो रहा है।





पन्ना

प्रख्यात श्री प्राणनाथ जी मंदिर परिसर और आस-पास के समूचे क्षेत्र में देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालु सुंदरसाथ एकत्र हुए हैं, जो इस दिव्य परिक्रमा के माध्यम से अपनी आत्मा को परमधाम से जोड़ने का भाव रखते हैं।भारत भूमि अपनी सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता के लिए विश्वभर में जानी जाती है।

**लगभग चार सौ वर्षों से यह अद्भुत परंपरा निरंतर चली आ रही है-**

स्थित श्री प्राणनाथ जी मंदिर प्रणामी संप्रदाय का सबसे बड़ा तीर्थस्थल माना जाता है, जहाँ लगभग चार सौ वर्षों से यह अद्भुत परंपरा निरंतर चली आ रही है।माना जाता है कि शरद पूर्णिमा के ठीक एक माह बाद, अर्थात कार्तिक पूर्णिमा के दिन पृथ्वी परिक्रमा की जाती है। देश के विभिन्न प्रांतों के हजारों श्रद्धालु सुंदरसाथ यहां की धरा को चूमते हैं। भक्तजन इस दिन देश के विभिन्न प्रांतोंकृ महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से पन्ना पहुंचते हैं। कुछ श्रद्धालु नेपाल एवं अन्य देशों से भी आते हैं। यह परिक्रमा पन्ना नगर की सीमाओं के चारों ओर होती है जिसमें किलकिला नदी के किनारे और पहाड़ी मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धालु नदियों, वृक्षों और मंदिरों को प्रणाम करते हैं। यह परिक्रमा लगभग 20 किलोमीटर लंबी मानी जाती है और इसे पूरा करने में भक्तों को कई घंटे लगते हैं।

**इस भूमि में अक्षरातीत पारब्रह्म परमात्मा की दिव्य अनुभूति विद्यमान है-**

धार्मिक मान्यता है कि यह वही पावन भूमि है जहाँ महामति श्री प्राणनाथ जी ने सुंदरसाथ के आग्रह पर परमधाम की रासलीला का दिव्य अनुभव कराया था। कहा जाता है कि इस भूमि में अक्षरातीत पारब्रह्म परमात्मा की दिव्य अनुभूति विद्यमान है। यही कारण है कि परिक्रमा करने वाले भक्त इसे केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मिक साधना के रूप में देखते हैं।पृथ्वी परिक्रमा के दौरान संपूर्ण नगर में धार्मिक उल्लास का वातावरण बन जाता है। रास्ते भर कीर्तन, सत्संग, भजन और ध्वज लेकर परिक्रमा की जाती है। मंदिर प्रांगण में प्रभात से लेकर रात्रि तक भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु भजन, संकीर्तन करते रहते हैं। स्थानीय नागरिक भी इस परंपरा में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबे परिक्रमा के मार्ग में जगह-जगह प्रसाद, जल और विश्राम की व्यवस्था की जाती है ताकि आने वाले अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।पन्ना जिले के संतों और मंदिर प्रबंधन समिति का कहना है कि यह परिक्रमा केवल धर्म का उत्सव नहीं बल्कि मानवता, एकता और सेवा का प्रतीक है। यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालु भारत की आत्मा ष्वसुधैव कुटुंबकमष के भाव को साकार करते हैं, जहाँ सभी एक ही ईश्वर के पुत्र रूप में एकत्र होकर प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं।हर वर्ष की तरह इस बार भी परिक्रमा का समापन श्री प्राणनाथ जी मंदिर में विशेष आरती और महाप्रसाद के साथ होगा। हजारों श्रद्धालु इस भावनात्मक क्षण के साक्षी बनकर अपने जीवन को धन्य मानते हैं।

**नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी**

# निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



पन्ना।

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य अप्रारंभ होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए कि वे नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में आ रहे गतिरोध की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों के संज्ञान में लाएं तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से प्रारंभ कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में अप्रारंभ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण प्रक्रिया में गति लाई जाए। बैठक में कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इस योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा पन्ना जिलों में योजना की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाया जाए। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की सतत रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में कमिश्नर द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा की गई।

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ

पन्ना।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत 27 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जारी कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार से मतदाता सत्यापन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। बीएलओ द्वारा प्रत्येक विधानसभा के मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना पत्रक का वितरण किया गया एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पवई विधानसभा क्षेत्र में भी बीएलओ द्वारा एनुमेरेशन फॉर्म का वितरण किया गया। एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समीक्षा जैन द्वारा भ्रमण कर बीएलओ द्वारा संपादित कार्यों का जायजा लिया गया। साथ ही आम नागरिकों एवं मतदाताओं से बीएलओ को आवश्यक सहयोग की अपील भी की।
उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित 12 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में विशेष गहन पुनरीक्षण का निर्णय लिया है, जिसके तहत बीएलओ एवं अन्य अधिकारियों को पूर्व में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। आगामी 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा कम से कम तीन बार मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क किया जाएगा। इस दौरान एक जनवरी 2026 की स्थिति में मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने सहित नाम हटाने और आवश्यक संशोधन के लिए भी आवेदन प्राप्त करेंगे। गणना पत्रक में मतदाता को वांछित जानकारी भरकर देना होगी। इसके आधार पर 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन तथा दावे आपत्तियों का निराकरण कर 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

# पन्नी नाला के पास हुई दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

पवई।

पवई से लगभग 12 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर पन्नी नाला के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से भिड़ंत होने से एक की मौत और एक के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार मंगलवार शाम को बिसानी निवासी दान सिंह सेवा निवृत्त उपनिरीक्षक उम्र 65 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से बिसानी जा रहे थे,तभी शिकारपुरा की ओर से आ रहे राजवीर सिंह पिता राजवेंद्र सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी महगवां की मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे दान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई,वही राजवीर सिंह घायल हो गया जिसे 108 वाहन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया, जहां से राजवीर को प्राथमिक उपचार के बाद कटनी जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। वहीं दान सिंह के शव को पंचनामा करवाई पश्चात शव विच्छेदन के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग



कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# अतिवृष्टि से धान की फसल चौपट, सर्वे एवं मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

पन्ना।

विगत दिनों पन्ना जिले में हुई अतिवृष्टि से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। देवेंद्रनगर क्षेत्र में खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। लगातार हुई बारिश से खेतों में पानी भरे रहने के कारण धान की बालियाँ गिर गईं, जिनमें अंकुरण हो जाने से दाना काला पड़ गया और 'कंडवा रोग' फैलने से फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। इस गंभीर स्थिति को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर ने किसानों के साथ मिलकर कलेक्टर पन्ना के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति का



तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद शुक्ला ने किया। इस दौरान सेवादल जिलाध्यक्ष रामबहादुर द्विवेदी, रामकरण पाण्डेय, जयकुमार कुशवाहा, पुष्पेन्द्र शर्मा, अजीत जैन, लालजी बागरी, महेंद्र बागरी, उमेश तिवारी, तुलसीदास उर्मलिया, हरशरण बागरी, जावेद खान सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में आए 35 आवेदन




पन्ना।

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 35 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार ने जनसुनवाई की और प्रत्येक आवेदनों पर समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे सभी आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया।
जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं ग्रामीण स्थानों से पहुंचे आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।



### सिद्धेश्वरी माता प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भगवत कथा का आयोजन

**पवई।** पवई नगर के मिलौनीगंज स्थित माता सिद्धेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भगवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पंडित श्री मर्मज्ञ कुंडल कृष्ण जी महाराज चित्रकूट धाम के द्वारा नारद व्यास संवाद,राजा परीक्षित को श्राप और शुकदेव जी के आगमन की कथा का सुंदर वर्णन किया गया । कथा को सुनते ही पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए। इस कथा का आयोजन 3 नवंबर से 10 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक कथा प्रवचन होंगे। इसका आयोजन लखेरा परिवार के द्वारा किया जा रहा है।

# युवा उत्सव का आयोजन



अमानगंज।

शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार आज मंगलवार को युवा उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पूनम सिंह ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर की तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम में विभिन्न विधाएं रंगोली, एकल गायन, समूह गायन ,क्लेमॉडलिंग एकल नृत्य समूह नृत्य में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जिन छात्र-छात्राओं का चयन महाविद्यालय स्तर पर हुआ है उन्हें जिला स्तर पर भेजा जाएगा उक्त कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर प्रदीप खम्परिया एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर जयपाल सिंह लोधी रहे कार्यक्रम में मुख्य भूमिका डॉ मनीष तिवारी, डॉक्टर विनोद मिश्रा, डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी , डॉ आलोका दत्ता ,श्रीमती रश्मि पटेल , डॉ राजमणि तिवारी डॉ अशोक चौधरी ,श्री चंद्र कुमार प्रजापति, श्री शुभांशु खरे एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की रही।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, अधेड़ घायल



**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के बाजना में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय भागीरथ पुत्र सुकईयां अहिरवार निवासी बाजना मोटरसाइकिल से गांव में जा रहे थे तभी रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भागीरथ जमीन पर बुरी तरह घिसट गए और उनके एक पैर का घुटना टूट गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद घायल को सीएचसी बड़ामलहरा पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बड़ामलहरा पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है, जल्द ही उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों की उदासीनता से परेशान हो रहे फरियादी

# मजाक बनी जनसुनवाई, समस्याओं का नहीं हो रहा निराकरण



**नौगांव।** जिला प्रशासन का जनसुनवाई कार्यक्रम, जो कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित है, इन दिनों जमीनी स्तर पर विफल साबित हो रहा है। प्रत्येक मंगलवार को जिला और तहसील स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते उनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिले में ऐसे कई आवेदक हैं, जो वर्षों से जनसुनवाई के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है।
महाराजपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरवा निवासी दुलीचंद अहिरवार ने बताया कि जमीन विवाद के मामले में फैसला उनके पक्ष में आ चुका है, लेकिन कब्जा अब तक नहीं मिला है। वर्ष 2022 से अब तक उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई, कलेक्टर, तहसीलदार और एसडीएम को 300 से अधिक आवेदन दिए हैं लेकिन न्याय अभी भी लंबित है। इसी तरह ग्राम गर्रोली की रहने वाली पार्वती राजपूत ने बताया कि उनके घर के सामने सरकारी भूमि पर रास्ता था, जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। परिवार को गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने कई बार जनसुनवाई में आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पार्वती ने कहा कि सुनवाई न होने के कारण उनके लिए अब घर से निकलना मुश्किल हो गया है।
लंबित मामलों के संबंध में जब नौगांव एसडीएम बृजभान पटेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण समय पर किया जाता है। कुछ मामलों में कानूनी प्रक्रिया अधिक समय लेती है, लेकिन हम सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करेंगे। सूत्रों की मानें तो नौगांव की जनसुनवाई में पहुंचने वाले लोग, अधिकारियों की बेरुखी से त्रस्त हैं। कई मामलों में आवेदन दर्ज होने के बावजूद कोई फॉलो-अप नहीं होता, जिससे शिकायतें जस की तस पड़ी रहती हैं।

## बुजुर्ग महिला ने भतीजे पर लगाए परेशान करने के आरोप



**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में नारायणपुरा रोड पर रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने मंगलवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने भतीजे पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं।
पीड़ित महिला 65 वर्षीय रामकली कुशवाहा ने बताया कि 30 साल पहले उसने छतरपुर निवासी रामकिशोर दुबे से कोर्ट मैरिज की थी। पिछले कुछ दिनों से उनका भतीजा मिंटू दुबे उन्हें परेशान कर रहा है। रामकली ने बताया कि मंगलवार को मिंटू ने उनका रास्ता रोककर, गाली-गलौज और मारपीट की है। रामकली ने बताया कि रामकिशोर की पहली पत्नी से बेटियां हैं लेकिन कोई पुत्र नहीं, इसलिए मिंटू ने संपत्ति के लोभ में यह हरकत की। मिंटू नशे का आदी है और पूर्व में कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।
रामकली ने ओरछा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जहां पुलिस ने मामले को संज्ञान में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश और मामले की जांच जारी है।

## जिला अस्पताल फिर बना जंग का अखाड़ा, वीडियो वायरल



**छतरपुर।** जिला अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड मंगलवार को एक बार फिर जंग का अखाड़ा बन गया। दरअसल सड़क हादसे के बाद इलाज के लिए पहुंचे दो पक्षों के बीच विवाद इतना भड़का कि लात-घूंसे चलने लगे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे हैं। अस्पताल स्टाफ और आसपास के लोग तमाशबीन बने रहे। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मामला संज्ञान में ले लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके इस वीडियो को देखकर स्थानीय लोग आक्रोशित हैं।

## केंद्रीय मंत्री ने दिलाई एकता और नशा मुक्ति की शपथ



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**सटई।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अगुवाई में ग्राम भैरा से सांदनी तक 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों, स्कूली छात्रों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने सभी को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सुरक्षा और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। ग्राम भैरा के शासकीय हाई स्कूल से शुरू हुई यह यात्रा भैरा, धुवयाई, गुड़पारा, बांदनी होते हुए सांदनी पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र की एकता बनाए रखने, नशा मुक्ति अपनाने और देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प दिलाया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ, दिवाई गीत और कलश रखकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। देशभक्ति और एकता के नारे लगाकर माहौल को उत्साही बनाया गया। इस अवसर पर बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुड्डु सिंह, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम विजय द्विवेदी, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी, पुलिस बल, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सेडमेप कंपनी की लापरवाही से परेशान स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी



### 5 माह से वेतन और पीएफ-ईएसआई से वंचित

**छतरपुर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों का हाल बेहाल है। सेडमेप के माध्यम से रखे गए करीब 430 श्रमिकों को पिछले 5 माह से न तो वेतन मिला है और न ही उनका ईपीएफ व ईएसआईसी जमा किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर उन्हें जल्द वेतन दिलाए जाने की मांग की है।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छतरपुर द्वारा सेडमेप से एक वर्ष के लिए 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक अनुबंध किया गया था, जिसके तहत कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। परंतु श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नियमों के अनुसार प्रत्येक माह की 15 तारीख तक ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि जमा कराना अनिवार्य होने के बावजूद, 31 अक्टूबर 2025 तक भी यह राशि जमा नहीं की गई है। इससे स्पष्ट है कि सेडमेप द्वारा श्रम कानूनों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।
स्वास्थ्य विभाग के करीब 422 आउटसोर्स कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड लंबे समय से वेतन से वंचित हैं। हालत इतने खराब हो चुके हैं कि कर्मचारियों के घरों में चूल्हा तक जलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई रुकने की कगार पर है, दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है और परिवारों में तनाव बढ़ गया है।
खजुराहो के शोभित बाल्मीक, जो सीएससी खजुराहो में सफाईकर्मी के रूप में पदस्थ हैं, ने बताया कि हम कई बार आवेदन दे चुके हैं, पर हमें अब तक वेतन नहीं मिला। दीवाली जैसे बड़े त्योहार पर भी भुगतान नहीं किया गया। जब अधिकारियों से बात करते हैं तो कहते हैं कि बजट कंपनी को दे दिया गया है। सेडमेप कंपनी से जुड़े हुए हमें पांच माह हो गए हैं, लेकिन न वेतन मिला है, न पीएफ-ईएसआई जमा हुआ। कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है कि ऐसी कंपनी को तत्काल हटाया जाए जो समय पर वेतन भुगतान नहीं कर पा रही है, और उसकी जगह ऐसी संस्था को जिम्मेदारी दी जाए जो श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नियमों का पालन करते हुए कर्मचारियों को उनका हक समय पर दे सके। कर्मचारियों का कहना है कि वे अब रोजी-रोटी के संकट में हैं और यदि जल्द समाधान नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## ऐतिहासिक धरोहर और पर्यावरण बचाने एकजुट हो रहा समाज



**खजुराहो।** पर्यटन नगरी में प्रस्तावित सैनिक एयर बेस के खिलाफ समाज ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की। ब्रह्मकुमारी आश्रम में आयोजित संवाद में पंडित सुधीर शर्मा ने ब्रह्मकुमारी विद्या दीदी से भेंट कर परियोजना के पर्यावरणीय और सांस्कृतिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की। ब्रह्मकुमारी संस्थान ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। सभी ने खजुराहो बचाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। मंगलवार को श्री मतंगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के संयोजन में ब्रह्मकुमारी आश्रम में यह सार्थक संवाद हुआ। पंडित सुधीर शर्मा ने कहा कि सैनिक एयर बेस से खजुराहो की विश्व धरोहर मंदिरों, पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों पर गहरा खतरा है। विकास के नाम पर ऐतिहासिक पहचान और प्राकृतिक सुंदरता नष्ट हो सकती है। ब्रह्मकुमारी विद्या दीदी ने सहमति जताते हुए कहा, ब्रह्मकुमारी परिवार खजुराहो की धरोहरों और पर्यावरण की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। इस अवसर पर मतंगेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी बब्बू गौतम, खजुराहो ट्रैवेल एजेंट एसोसिएशन के हरीश लवानिया, एडवोकेट एसोसिएशन के आर.के. उपाध्याय, सायना होटल के चार्ली राजा, खजुराहो योगा फेडरेशन (यूएसए) के दिनेश योगी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि अभियान को व्यापक जनआंदोलन बनाया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां खजुराहो की शाश्वत सुंदरता और आध्यात्मिकता का अनुभव कर सकें।

## शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने किया पर्यावरण और स्वास्थ्य पर मंथन

### राष्ट्रीय वेबिनार में वन हेल्थ अवधारणा पर हुई गहन चर्चा



**बकस्वाहा।** शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में 3 नवंबर 2025 को एक स्वस्थ दृष्टिकोण पर्यावरण, पशुओं एवं मानव में अंतर्संबंध विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण, पशु और मानव के आपसी संबंधों को समझते हुए 'वन हेल्थ की अवधारणा को बढ़ावा देना था।मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक डॉ. पियूष बबेले, मैनेजर बायोप्रोसेस (हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बेंगलुरु) ने काई और धान के पुआल से 3जी व 4जी एथेनॉल उत्पादन द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अंजली श्रीवास्तव (सह-प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र, महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर) ने स्वस्थ भारत मिशन, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के आंतरिक संबंधों पर अपने विचार साझा किए। वहीं, डॉ. हरी अब्दुल समद (वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली) ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम की संरक्षक डॉ. पुष्पा सामवेदी, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शोध और नवाचार की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अर्चना चौहान (हेड, प्राणीशास्त्र विभाग, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर) ने की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। विशिष्ट अतिथि डॉ. गौरी सनागो, प्राध्यापक, म.च.बु. विश्वविद्यालय छतरपुर ने वेबिनार की सराहना करते हुए शोधार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाह्य सलाहकार डॉ. कृष्णकांत गंगेले (हेड, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, म.च.बु. विश्वविद्यालय) एवं आंतरिक सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार पटेल (सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र) रहे, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी श्री अंकुश जैन, पुस्तकालयाध्यक्ष ने निभाई। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से सहभागिता की। वेबिनार के दौरान प्रस्तुत 10 से अधिक शोध पत्रों में पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, सतत कृषि और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ मानव जीवन की आधारशिला है, और सामूहिक प्रयासों से ही समग्र स्वास्थ्य की स्थापना संभव है।

## कैदी ने खुद के सिर पर मारी हथकड़ी, जिला अस्पताल में भर्ती

### डीएनए परीक्षण के लिए लाया गया था अस्पताल



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में मंगलवार को न्यायालय से डीएनए परीक्षण के लिए लाए गए एक कैदी ने अचानक आवेश में आकर अपनी ही हथकड़ी से सिर पर प्रहार कर खुद को घायल कर लिया। कैदी को तुरंत आपातकालीन कक्ष में भर्ती कर उपचार किया गया, फिलहाल वह कैदी वार्ड में सुरक्षा के बीच उपचाराधीन है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला थाना छतरपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 45/25 धारा 0/569 बीएनएस के आरोपी सुमन्त पाराशर जेल से न्यायालय के आदेश पर डीएनए परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। मेडिकल प्रक्रिया के दौरान सुमंत ने अचानक आवेश में आकर हथकड़ी से अपने सिर पर वार कर लिया, जिससे उसे चोट लगी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी और अस्पताल स्टाफ ने तुरंत हस्तक्षेप कर घायल को आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि सिर में गहरी चोट के कारण टांके लगाए गए हैं, और स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे। कैदी की मानसिक स्थिति का भी चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है और कैदी की निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## एनसीएल मुख्यालय में सीवीओ सीआईएल ने दिया सतर्कता का मंत्र




**सिंगरौली।** मंगलवार को एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एनसीएल मुख्यालय में सतर्कता व्याख्यान दिया।
इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) श्री आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार जयसवाल एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।
अपने उद्बोधन के दौरान श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष का सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' यह बताता है कि सभी कर्मी सतर्कता अधिकारी हैं। उन्होंने, निर्णयन प्रक्रिया में निवारक सतर्कता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सत्यनिष्ठ कर्मी संस्थान की पूँजी होते हैं। मैराथन प्रशिक्षण, सतत ज्ञान वर्धन के साथ तकनीकी नवाचार के संयोजन के बल पर आत्मविश्वास के साथ कंपनी और राष्ट्र हित में साहसिक निर्णय लेने हेतु उपस्थित सभी को प्रेरित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एनसीएल ने नेतृत्वकर्ता पैदा करने की नर्सरी के रूप में ख़ुद को स्थापित किया है जो इसकी मज़बूत कार्यसंस्कृति को परिलक्षित करता है।मानव रहित आधुनिक डिजिटल और तकनीकी के प्रयोग में एनसीएल को अव्वल बताते हुए उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में उत्पादन, प्रेषण और अन्य मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कंपनी को सराहा।साथ ही एनसीएल की गृहणियों को दी गई फर्स्ट एड ट्रेनिंग प्रोग्राम को अनूठा बताते हुए उन्होंने इसके लिए एनसीएल प्रबंधन को बधाई दिया। इसके पूर्व अपने उद्बोधन में सीएमडी श्री बी. साईराम ने अपने उद्बोधन में एनसीएल में चल रही सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीकी नवाचार और भविष्य की योजना को रेखांकित किया।

## शिवनगर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** शहर के वार्ड नं. 36 शिवनगर कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। कॉलोनीवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सड़क, नाली निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की है।रहवासी रानी कुशवाहा ने बताया कि कॉलोनी में सड़क, नाली, पानी और लाईट की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाना रजक ने कहा कि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और नाली न होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। खंभों पर लाईट न होने से लोगों को अंधेरे में निकलने में डर लगता है।
इसी तरह माया नामक महिला ने बताया कि घरों के बाहर कीचड़ भरा रहता है और अंधेरे के कारण बच्चे घर से निकलने में घबराते हैं। कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका से शीघ्र कार्यवाही कर क्षेत्र में सड़क, नाली और लाईट की समस्या दूर करने की मांग की है।


**कार्यालय, नगर परिषद खजुराहो, जिला- छतरपुर (म.प्र.)**

No./NPK/Udd/e-tendering/2136 **ई निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)** Dated:04.11.2025

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदाये म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आई एस. एस. आर 02/08/2021 के एस.ओ.आर से निविदाये प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्न निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा में किसी तरह का संसोधन होने पर बेबसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नही करवाया जायेगा।

| स. क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन की राशि (रू में) | धरोहर राशि (रू में) | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड के 02 में समाज भवन का निर्माण कार्य। टे.नं. 2025_UAD_460719_1 | 1271547.00 | 9540.00 | 04 माह | 2000/- | Centralised PWD registration |

निविदा फार्म 05.11.2025 से 08 12,2025 तक तक बेबसाईट (http://mptenders.gov.in) पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें। विस्तृत निविदा सूचनार्थ अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खजुराहो जिला छतरपुर (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### सुमंगल साइकिल दिवस में कमिश्नर ई रिक्शा से पहुंचे कार्यालय

रीवा । रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए मंगलवार को पेट्रोल और डीजल चलित वाहनों के उपयोग के स्थान पर साइकिल और ई रिक्शा के उपयोग की पहल की गई है। इसके लिए प्रत्येक मंगलवार को सुमंगल साइकिल दिवस मनाया जा रहा है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर श्री जामोद तथा अन्य अधिकारी ई रिक्शा से कार्यालय पहुंचे। इनमें संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर जामोद कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए भी ई रिक्शा का उपयोग किया।

### ई केवायसी न कराने वाले प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम कटेंगे

रीवा। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को हर माह खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न पर्ची के पात्र हितग्राहियों का नाम पोर्टल में दर्ज किया गया है। इन प्रतीक्षारत हितग्राहियों को ई केवायसी कराना अनिवार्य है। रीवा जिले में 18872 हितग्राही प्रतीक्षासूची में हैं। इनमें से अभी केवल 1344 हितग्राहियों की ही ई केवायसी की गई है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ तथा खाद्य विभाग के अधिकारी प्रतीक्षारत शेष हितग्राहियों की ई केवायसी सात दिवस में सुनिश्चित करें। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन के माध्यम से हितग्राहियों को ई केवायसी सात दिवस में कराने की सूचना दें। अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम भी एक राशन मित्र पोर्टल से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पृथक करें। तय समय सीमा में ई केवायसी न कराने वाले प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही करें।

### तहसीलदार करेंगे किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों का सत्यापन

रीवा । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में दी जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी तहसीलदारों को किसान सम्मान निधि के संदिग्ध हितग्राहियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि ऐसे किसान जिनमें परिवार के एक से अधिक व्यक्ति अथवा नाबालिग राशि ले रहे हैं उनके सत्यापन के लिए पीएम किसान योजना की लॉगिन में मॉड्यूल उपलब्ध है। इसके माध्यम से सत्यापन करें। ऐसे किसान जो एक फरवरी 2019 के बाद भू स्वामी बने हैं अथवा जिन्हें इस तिथि के बाद जमीन का हस्तांतरण किया गया है उनका भी सत्यापन करें। इसके लिए पोर्टल पर उपलब्ध अपडेट मिसिंग इंफार्मेशन सुविधा का उपयोग करें। सभी तहसीलदार हितग्राहियों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें जिससे पात्र किसान को किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त प्राप्त करने में किसी तरह की कठिनाई न हो।

### किया जा रहा मतदाताओं का सत्यापन नागरिकों से सहयोग की अपील

रीवा । निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा ने मतदाताओं से अपील की है ।

# गरीबों के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले होंगे दण्डित : कमिश्नर

**रोजगार और स्वरोजगार के शत-प्रतिशत लक्ष्य 15 नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश बैंकर्स गरीबों के स्वरोजगार प्रकरणों को सकारात्मक दृष्टि से निराकृत करें**

रीवा ।




रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभागीय रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन की स्वरोजगार योजनाएं गरीबों को आर्थिक विकास का अवसर देती हैं। गरीब छोटा सा व्यवसाय शुरू करके पूरे परिवार की आजीविकास चलाने के साथ आर्थिक विकास की राह में कदम बढ़ा देता है। शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को स्वरोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। बैंकर्स संभागीय रोजगार मेले को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार तथा रोजगार से जुड़े सभी प्रकरण 15 नवम्बर तक स्वीकृत करके शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें। अधिकारी और बैंकर्स गरीबों की मदद और कल्याण के लिए ही तैनात हैं। बैंकर्स स्वरोजगार के प्रकरणों को सकारात्मक दृष्टि और सेवाभाव से निराकृत करें। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय रोजगार मेला संभाग भर के गरीबों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। इसके माध्यम से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। रोजगारमूलक और स्वरोजगार की सभी योजनाओं के लक्ष्य रोजगार मेले तक पूरे हो जाएंगे। अधिकारियों और बैंकर्स की छोटी सी मदद से गरीब को विकास के बड़े अवसर मिल जाएंगे। स्वरोजगार प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो संबंधित विभाग के अधिकारी और हितग्राही से संपर्क करके कमी को दूर कराएं। बैंकर्स प्रकरणों को लम्बे समय तक लटकाकर रखने और मनमर्जी से रिजेक्ट करने की प्रवृत्ति से बचें। हर निरस्त प्रकरण की समीक्षा की जाएगी। यदि निरस्त करने का कोई ठोस कारण नहीं पाया गया तो बैंकर्स के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। स्वरोजगार प्रकरणों की कठिनाई को अधिकारी और बैंकर्स समन्वय से दूर करें। कमिश्नर ने कहा कि उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सभी प्रकरण एक सप्ताह में स्वीकृत कर दें। प्रकरणों के स्वीकृत करने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर बैंकर्स अग्रणी बैंक प्रबंधक और संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं। बैंकर्स गरीब हितग्राही को दो मिनट का समय देकर उसे प्रकरण तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दे देंगे तो उसका भला हो जाएगा। कमिश्नर ने इंडियन बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया मध्याचंल बैंक तथा बैंक ऑफ बड़ौदा को स्वरोजगार प्रकरणों में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी, नगरीय निकाय, उद्योग विभाग, अन्त्यावसायी सहकारी समिति, ट्राईबल, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, आजीविका मिशन, कुटीर और ग्रामीण उद्योग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा अन्य विभागों के स्वरोजगार प्रकरणों की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने कहा कि अधिकारी और बैंकर्स सात दिवस में सभी लंबित प्रकरण निराकृत करें। रोजगार मेले से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कहा कि तय समय सीमा में सभी स्वरोजगार और रोजगार प्रकरणों का निराकरण कर लिया जाएगा। बैंकर्स प्रतिदिन स्वरोजगार प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने स्वीकृत प्रकरणों की बैंकवार जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अग्रणी बैंक प्रबंधक रीवा और मऊगंज, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त संचालक शहरी विकास अभिकरण मयंक वर्मा, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल, विकास विभाग से जुड़े सभी अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई का हुआ आयोजन, कलेक्ट्रेट में 103 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताई



रीवा। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 103 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित संयुक्त कलेक्टर राजेश सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। जनसुनवाई में अमिरती के निवासियों ने नहर की जमीन में प्रमोद गौतम द्वारा अतिक्रमण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम हुजूर को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार रीवा निवासी रश्मि खरे ने निर्माणाधीन लाइफ इंडिया सिटी में मकान बुक कराने के बाद अभी तक आधिपत्य न दिए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे एसडीएम हुजूर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। बाबूपुर निवासी अरूण शुक्ला के अवरूद्ध रास्ता व नाली से पानी निकासी से अतिक्रमण हटाने, पुरैनी कोठार निवासी राजपति गौतम के वर्षा से क्षतिगस्त मकान का मुआवजा दिलाने, गढ़ निवासी बृजमोहन प्रसाद पाण्डेय के अवरूद्ध रास्ता से आवागमन प्रारंभ करने, विश्राम साकेत के मकान विस्थापन से पूर्व व्यवस्था बनाने तथा देवखर निवासी हरिश्चन्द्र द्विवेदी के सीमांकन के उपरांत नकल प्रदाय किए जाने के आवेदन पर संबंधित तहसीलदारों को समुचित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में विपिन सिंह अमवा द्वारा प्रस्तुत विद्युत मीटर लगाने के आवेदन पर विद्युत मण्डल, अल्का त्रिपाठी रीवा के लाड़ली बहना की राशि प्रदाय करने के आवेदन पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, विभा मिश्रा के छत्रपति नगर के द्वारा ट्राईसाइकिल की मांग के आवेदन पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय तथा सोनी कृषि सेवा केन्द्र मनगवां के संचालक द्वारा खाद बेचने की अनुमति प्रदाय किए जाने के आवेदन पर उप संचालक कृषि को कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए।

**बहुती परियोजना के निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक हर हाल में पूरा करें : कमिश्नर**

# कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

रीवा ।



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बहुती परियोजना के शेष निर्माण कार्य को 31 दिसम्बर तक हर हाल में पूरा करें, जिससे किसानों को जनवरी माह से सिंचाई के लिए पानी दिया जा सके। इसमें तीन स्थानों पर नहरों के सीपेज तथा नहर की शुरूआत से 18वें किलोमीटर तक के कार्य प्राथमिकता से पूरे कराएं। निर्माण एजेंसी अतिरिक्त संसाधन और मजदूर लगाकर तेजी से कार्य पूरा करे। निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल उसे दूर करें। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय से समन्वय बनाकर भू-अर्जन के प्रकरण निराकृत करें। त्योंथर फ्लो परियोजना के कार्यों में तेजी लाएं। बहरी नहर परियोजना में 25.4 किलोमीटर लम्बाई में नहर का निर्माण किया जा रहा है। एसडीएम सिहावल इसके भू अर्जन के सभी प्रकरण एक माह में निराकृत करें। दौरीसागर बांध निर्माण के लिए वन विभाग को वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य शुरू कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कलेक्टर मैहर, कलेक्टर सीधी तथा एसडीएम रामनगर को भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन एके डेहरिया ने बताया कि बहुती नहर की कुल लम्बाई 97 किलोमीटर है। इसमें कुल स्वीकृत 36 में से 32 कार्य पूरे हो गए हैं। शेष कार्य 15 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाएंगे। भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी प्रतिदिन एसडीएम कार्यालय जाकर प्रयास करेंगे। निर्माण कार्यों में वर्षा के कारण एक माह की देरी हुई है। अब सभी कार्य तेजी से पूरे किए जाएंगे। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री बीपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री एसएन त्रिपाठी तथा सीधी और सतना के कार्यपालन यंत्री एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**किसानों की फसल क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की**

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



रीवा।

प्रदेश सहित रीवा जिले में हुई असमय भारी वर्षा से किसानों की खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ है। धान, कोदो, उड़द, मूंग, तिल जैसी फसलें या तो पूरी तरह नष्ट हो गईं या खेतों में सड़ चुकी हैं। किसानों की इस स्थिति को देखते हुए कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल एवं महापौर अजय मिश्रा बाबा के नेतृत्व में कलेक्टर रीवा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है महापौर अजय मिश्रा बाबा ने बताया कि अक्टूबर माह में हुई अतिवृष्टि से जिलेभर में खरीफ की फसलें बर्बाद हो गई हैं। धान की खड़ी फसलें तथा खेतों और खलिहानों में कटी हुई फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। धान अंकुरित हो गई है, जिससे अब उसकी कोई कीमत नहीं रह गई। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के निर्देश के बावजूद अब तक तहसील स्तर पर सर्वे दल गठित नहीं किए गए हैं, जिससे किसानों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है। राजमणि पटेल ने कहा कि धान खरीदी का पोर्टल अभी तक रीवा जिले में नहीं खोला गया है, जिससे किसान अपनी फसल बेचने से वंचित हैं। उन्होंने मांग की कि पोर्टल तत्काल खोला जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों की उपस्थिति में तत्काल फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। वही धान फसल के नुकसान पर 50,000 प्रति एकड़ और दलहनी–तिलहनी फसलों पर 1,00,000 प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। पूर्व की भांति समर्थन मूल्य पर धान एवं गेहूं की खरीदी की जाए। किसानों की मांग के अनुसार समितियों के माध्यम से डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाए। धान का समर्थन मूल्य 3,100 और गेहूं का 2,700 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए।आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। महापौर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान व गेहूं की खरीदी अपने हाथों में लेने के बजाय केंद्र की एजेंसी एफसीआई को देने का निर्णय लिया है, जो किसानों के हित में नहीं है। यह कदम किसानों के साथ अन्यायपूर्ण है और प्रदेश सरकार अपने वायदे से पीछे हट गई है।कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से राजमणि पटेल, अजय मिश्रा बाबा, विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, नीलम मिश्रा, बबिता साकेत, एडवोकेट रवि तिवारी, सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, मुस्ताहाक खान, धनेन्द्र सिंह बघेल, नरेन्द्र सिंह तिवारी, शिवेन्द्र सिंह बघेल, उमेश प्रताप सिंह, सत्या द्विवेदी, पंकज शास्त्री सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर निगम मे प्रशासनिक कार्यों में इलेक्ट्रिक वाहनों की एंट्री 30% वार्षिक खर्च में होगी कमी, प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और लागत बचत की नई मिसाल



रीवा।

पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत की दिशा में रीवा नगर निगम ने प्रदेश में एक नई पहल की है। निगम ने अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का उपयोग शुरू कर दिया है। इस कदम से न केवल निगम की परिचालन लागत में भारी कमी आएगी, बल्कि शहर को स्वच्छ और हरित बनाने में भी मदद मिलेगी। नगर निगम द्वारा यह सेवा 10 अक्टूबर से प्रारंभ की गई थी। पहले चरण में निगम ने 16 इलेक्ट्रिक वाहन किराए पर लिए, जिनमें से 7 वाहन विभिन्न विभागों में उपयोग में लाए जा रहे थे। अब दूसरी खेप में 9 नए ईवी निगम के बेड़े में शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही नगर निगम के पास अब कुल 16 इलेक्ट्रिक वाहन हो गए हैं। निगम प्रशासन ने बताया कि ये वाहन जोन प्रभारी, राजस्व विभाग, निर्माण शाखा और स्वास्थ्य शाखा के प्रशासनिक कार्यों में उपयोग किए जाएंगे।नगर निगम के अनुसार, पहले डीजल वाहनों के रखरखाव और ईंधन पर लगभग 38 लाख रुपये सालाना खर्च होता था। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से यह खर्च घटकर 27 लाख रुपये रह जाएगा। इस प्रकार निगम को लगभग 30 प्रतिशत वार्षिक बचत होने की उम्मीद है।शहर में होंगे चार्जिंग स्टेशनईवी संचालन को निरंतर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर शहर में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया आरंभ की गई है। इन चार्जिंग स्टेशनों से न केवल निगम के वाहनों को, बल्कि शहर के आम नागरिकों द्वारा उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रिक वाहनों को भी चार्जिंग सुविधा मिलेगी।

# अपर कलेक्टर ने 41 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई



मऊगंज। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 41 आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करते हुए सात दिवस में इनका निराकरण करें। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ आवेदक को भी इसकी सूचना दें। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में पतुलिया साकेत निवासी हनुमना ने पति के स्वामित्व की भूमि में अपना हक दिलाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। कुलदीप गर्ग निवासी बरावं ने प्राकृतिक आपदा से क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पीएम किसान सम्मान निधि, शासकीय स्कूल की भूमि से अवैध कब्जा हटाने, जमीन के बंटवारे, मजदूरी भुगतान तथा रोजगार दिलाए जाने संबंधी आवेदनों में सुनवाई की गई।

# हिनौती में हुआ वित्तीय साक्षरता का आयोजन

मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत हिनौती सचिव प्रभा तिवारी द्वारा वित्तीय साक्षरता आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच सुशील कुमार सिंह ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मोतीलाल मिश्र उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने बैंकिंग योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी जैसे बैंक में खाता का महत्व वर्तमान में सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है की डायरेक्ट हितग्राही के खाते में ही योजना की राशि भेजी जाएगी इसलिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है परंतु बहुत ऐसे खाते धारक हैं जिनके खाते में नॉमिनी नहीं दर्ज है इसकी वजह से जब खाते धारक की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार को पैसा लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए समय रहते अपने खाते में नाम नहीं का फॉर्म जरूर भर दें उसका बैंक द्वारा कोई चार्ज नहीं लिया जाता है खाता में मोबाइल की आवश्यकता बहुत बड़ी है क्योंकि जब पैसा निकाला जाता है एवं कहीं बाहर से आता है तो मैसेज के माध्यम से जानकारी तुरंत जानकारी मिल जाती है परंतु यदि मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है तो कोई भी जानकारी नहीं मिल पाती इसी तरह सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा




प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा तथा अटल पेंशन योजना है जिसको की बुढ़ापे की लाठी कहा जाता है बीमा परिवार के लिए होती है यदि हमारे द्वारा 20 की वार्षिक प्रीमियम में अपने खाते से बीमा कर दी जाए तो हमारे ना रहने पर परिवार को 200000 मिलेंगे जो कि यह गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी रकम है इसी तरह से जीवन ज्योत बीमा किसी भी स्थिति में मृत्यु होने पर परिवार को 200000 बैंक के माध्यम से मिलते हैं अटल पेंशन योजना बुढ़ापे की लाठी इसलिए कहा जाता है क्योंकि जब शरीर कमजोर हो जाता है और उम्र 60 वर्ष के ऊपर हो जाती है तो जीवन पर्यंत पेंशन मिलती है इसलिए सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं सब जनता के हित के लिए हैं इसका अधिक से अधिक लाभ लिया जाना चाहिए मऊगंज जिले में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खुला हुआ है गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवार जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है वह निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं जैसे ब्यूटी पार्लर कढ़ाई बुनाई सिलाई इत्यादि उसमें एक नए पैसे खर्च नहीं है यहां तक की नाश्ता भोजन पूरी तरह से फ्री है एक महीने का कोर्स पूरा करने के बाद प्रमाण पत्र मिलता है और उसे प्रमाण पत्र के आधार पर बैंक से बड़े सरलता के साथ लोन लेकर अपना स्वयं का उद्योग धंधा शुरू कर सकते हैं एजुकेशन लोन जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है उनके लिए बैंक से चार लाख 50000 बिना गारंटी के दिए जाते हैं और पढ़ाई करने को प्रात जब आत्मनिर्भर हो जाए तो धीरे-धीरे करके बैंक का पैसा चुकता कर दें वर्तमान में साइबर फ्रॉड की बहुत घटनाएं हो रही हैं इसलिए आपका फोन में कोई अजनबी व्यक्ति आपसे ओटीपी या आपकी गोपनीय जानकारी मांगता है उसे कतई ना दें आप जितना ही सावधान रहेंगे उतना ही सुरक्षित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच ने कहा कि आज हमारे ग्राम पंचायत में जो वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया इससे बहुत सारी ऐसी योजनाएं हैं कि मुझे और मेरे हितग्राहियों को मालूम नहीं थी और आज जानकारी मिली इससे हमारे सभी हितग्राही अधिक से अधिक लाभ लेंगे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच ने कहा कि हम जिला प्रशासन मऊगंज को धन्यवाद देते हैं।